SURYA FOUNDATION

# सूर्या फाउण्डेशन

## मासिक पत्रिका

## मई–2023




- शिक्षा
- स्वास्थ्य
- स्वावलंबन
- समरसता
- पर्यावरण

"हम अपने लिए नहीं,
अपनों के लिए हैं,
अपने वे हैं जो सदियों से
पीड़ित एवं उपेक्षित हैं।
– नानाजी देशमुख"

# संदेश...



पद्मश्री
जयप्रकाश अग्रवाल जी
चेयरमैन – सूर्या फाउण्डेशन

हम सभी मेरा गाँव मेरा बड़ा परिवार के भाव से गाँव को शिक्षित, स्वस्थ, संस्कारित, समरस एवं स्वावलंबी बनाने का कार्य कर रहे हैं। एक ओर जहाँ भारत ने आत्मनिर्भर बनने के लिए अभूतपूर्व विकास का मार्ग अपनाया है, वहीं दूसरी ओर हम अपने पूर्वजों के द्वारा दिये गये आदर्श मूल्यों, संस्कारों, समृद्ध परंपराओं को जन-जन तक पहुँचाने का कार्य भी कर रहे हैं। गर्मी में पानी को अमृत के समान माना जाता है, मनुष्य को प्यास लगती है तो वह कहीं से भी मांग कर पी लेता है, लेकिन मूक पशु पक्षियों को प्यास में तड़पना पड़ता है, हालांकि जब वे प्यासे होते हैं तो घरों के सामने दरवाजे पर आकर खड़े हो जाते हैं। कुछ लोग पानी पिला देते हैं तो कुछ लोग भगा भी देते हैं। इस गर्मी में पशु पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए लोगों को प्रयास करना चाहिए। इसी के साथ बढ़ो आगे ही आगे हम होंगे कामयाब।

Scan QR Code and Watch Video

# सियान सफलता की कहानी







यूट्यूब पर वीडियो देखने के लिए इस लिंक पर क्लिक करें... Click here

यह कहानी छत्तीसगढ़ राज्य के राजनांदगांव में बसे आदर्श गाँव पेण्ड्री निवासी श्री गोरखदास एवं उनके परिवार की है। गोरखदास जी पेण्ड्री में संचालित वॉटर पम्प में आपरेटर के रूप में कर्यरत हैं। अचानक उनकी तबियत खराब होती है और परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण कई प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ा किंतु घरेलू इलाज से कुछ समय के लिए तबियत ठीक हुई। उनकी पत्नी बताती हैं कि मुझे चिंता होने लगी कि परिवार में एक ही सदस्य कमाने वाला हो और उसकी तबियत बिगड़ जाए तो घर का खर्च कैसे चलेगा? अर्थिक तंगी से जूझ रहे परिवार में अचानक दूसरी बार गोरखदास जी की तबियत खराब हुई और लगातार बिगड़ती स्थिति को देखते हुए अस्पताल में भर्ती कराया गया। लेकिन पहले ही दिन का बिल 20,000/- रुपए आने से पूरा परिवार घबरा गया क्योंकि परिवार के लिए इतने पैसे इकट्ठा करना कठिन काम था। दो बेटे और बहू बच्चे भी हैं दोनों बेटे भी मेहनत मजदूरी करके गुजारा करते हैं इसलिए दवा के लिए लगने वाले पैसे का इंतजाम नहीं हुआ। ऐसी स्थिति में सूर्या फाउण्डेशन द्वारा संचालित माँ बमलेश्वरी स्व-सहायता समूह द्वारा 60,000/- रुपये की मदद तुरंत दी गई जिससे गोरखदास जी का इलाज हुआ। गोरखदास जी की पत्नी कहती हैं कि मेरे दोनों बेटे सूर्या फाउण्डेशन से जुड़े हैं इसका उन्हें गर्व है।

# पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए आयोजित
# ईको ब्रिक कार्यक्रम




सूर्या फाउण्डेशन इस वर्ष देशभर के अपने कार्ययुक्त गाँव में संस्कार केन्द्र और भारत यूथ क्लब के भैयाओं द्वारा प्लास्टिक की खाली बोतलें और पॉलिथिन, झिल्ली, रैपर, आदि को एकत्र कर कचरे के माध्यम से इको ब्रिक बनाने का अभियान (5 जून विश्व पर्यावरण दिवस) चलाया जायेगा। जिसमें बच्चों द्वारा निर्मित ईको ब्रिक से टेबल, स्टूल, मेज घेराव, आदि बनाया जायेगा। देशभर में हो रहे पर्यावरण प्रदूषण को रोकने व खाली पॉलिथीन कचरे का प्रयोग कर समाज में पर्यावरण संरक्षण में क्रान्ति लाना है। प्लास्टिक प्रदूषण पृथ्वी के लिए एक महत्वपूर्ण समस्या है और लोग लगातार इसे कम करने के उपाय खोज रहे हैं। एक समाधान जो लोकप्रियता प्राप्त कर रहा है वह ईको ब्रिक्स है। ईको ब्रिक्स प्लास्टिक कचरे से भरी प्लास्टिक की बोतलें होती हैं और निर्माण सामग्री के रूप में उपयोग की जाती हैं। वे पर्यावरण के अनुकूल, लागत प्रभावी और प्लास्टिक कचरे का पुनरुत्पादन करने का एक रचनात्मक तरीका है। आओ हम सब मिल कर पर्यावरण को बचाने में अपनी भूमिका सुनिश्चित करें और पर्यावरण को प्रदूषण से बचाएँ।







# वॉलीबॉल




सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अंतर्गत हर वर्ष राज्य स्तर पर खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है। इस वर्ष भी 25 दिसम्बर 2022 से 23 जनवरी 2023 तक आयोजित की गई थी जिसमें वॉलीबॉल की राज्य स्तरीय विजेता टीमों की 2 दिवसीय (2 से 3 मई 2023) राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन सूर्या साधना स्थली झिंझोली, सोनीपत (हरियाणा) में किया गया। इस प्रतियोगिता में 10 राज्यों के 91 खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें फाइनल में उत्तराखण्ड टीम, राजस्थान टीम को हराकर विजयी रही।

कार्यक्रम के समापन समारोह के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली प्रांत क्रीड़ा भारती के महामंत्री श्री मोहन यादव जी ने विजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया और उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा, युवाओं के विकास के लिए खेलकूद अत्यंत आवश्यक है। लोग खेल के साथ जितना जुड़ेंगे उतना स्वस्थ रहेंगे, अनुशासित बनेंगे व उनके अंदर समरसता का भाव जागेगा, युवाओं के एकत्र होने का मतलब ही विकास है। खेलकूद के माध्यम से जब वे एकत्रित होंगे, अपने गाँव की समस्याओं के बारे में चर्चा करेंगे, गाँव को जानेंगे और उनका समाधान कुछ करके भी निकालेंगे। यही उद्देश्य लेकर सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के माध्यम से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है।



# प्रतियोगिता













# स्वास्थ्य




## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर : नापलाखेड़ी, सीहोर (म.प्र.)

गाँव में कई प्रकार की बिमारियाँ लोगों के जीवन को प्रभावित करती हैं। गरीबी के कारण अच्छा इलाज नहीं हो पाता इसलिए सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन सीहोर जिले के ग्राम नापलाखेड़ी (मध्य प्रदेश) में किया गया जिसमें डॉक्टर गगन जी नामदेव (प्रांत संयोजक आरोग्य भारती- मध्यभारत) डॉ. जयप्रकाश जी द्वारा 150 महिला, पुरुष व बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और नि:शुल्क आवश्यक दवाइयाँ भी वितरित की गई। कार्यक्रम के संयोजक सूर्या फाउण्डेशन के ग्रामसेवक रवि तिवारी जी उपस्थित रहे।




## लघु व्यक्तित्व विकास शिविर के बच्चों का किया गया हेल्थ चेकअप : सर्वा, भिण्ड (म.प्र.)



सूर्या फाउण्डेशन-आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत चल रहे लघु व्यक्तित्व विकास शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए गाँव सर्वा, भिण्ड (मध्य प्रदेश) में आयुष मेला में 75 बच्चों का हेल्थ चेकअप किया गया साथ ही साथ आवश्यक बच्चों को नि:शुल्क दवाइयाँ भी दी गईं। इस मेले में आयुष अधिकारी डॉक्टर सुरेश इंदौरिया जी एवं उनकी टीम उपस्थित रही।

# स्वावलंबन

## प्रशिक्षण



सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत अवध क्षेत्र के रानीखेड़ा गाँव में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को गौ उत्पाद प्रशिक्षण के अन्तर्गत धूपबत्ती, वॉशिंग पाउडर, फिनायल, कामधेनू मंजन आदि कई प्रकार के उत्पाद बनाना सिखाया गया।

## गौ उत्पाद प्रशिक्षण : रानीखेड़ा, अवध (उत्तर प्रदेश)




## वॉशिंग पाउडर प्रशिक्षण : नगलावर, मथुरा (उ.प्र.)




सूर्या फाउण्डेशन द्वारा चयनित आदर्श गाँव नगलावर (दीनदयाल धाम) मथुरा, उ.प्र में गोनायल, वॉशिंग पाउडर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में समूह की 11 महिलाओं ने भाग लिया। समूह की महिलाओं द्वारा 80 किलो वॉशिंग पाउडर बनाया गया और टेस्टिंग के लिए परिवारों में ही बिक्री किया गया। वॉशिंग पाउडर की पैकिंग कर मार्केटिंग व बिक्री के लिए आसपास के गाँवों में भेजा जा रहा है। जिससे स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ आत्मनिर्भर बन स्वयं को आर्थिक दृष्टि से सशक्त बना सकें।

# स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा लगाया गया स्टॉल




बहादुरगढ़ (हरियाणा)

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत बहादुरगढ़, नयागाँव स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद सामग्री का सूर्या प्लांट में स्टॉल लगाया गया। जिसमें सूर्या रोशनी के कर्मचारियों के द्वारा खूब खरीदारी की गई। इस स्टॉल में अचार, सर्फ पाउडर, फिनायल, साबुन, कपड़े व जूट के थैले, घूपबत्ती आदि सामान बडे ही सुव्यवस्थित रूप में कुशल व्यापारियों की भाँति लगाया गया, जो सबके आकर्षण का केन्द्र बना।

हिंदूपुर (आन्ध्र प्रदेश) में सूर्या रोशनी प्लांट में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित सामानों का स्टॉल लगाया गया। जिसमें महिलाओं के द्वारा बनाये सामानों की खरीदारी प्लांट के कर्मचारियों ने की। इससे समूह की महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ा।



हिन्दूपुर (आन्ध्र प्रदेश)





काशीपुर (उत्तराखण्ड)

काशीपुर, उत्तराखण्ड में सूर्या रोशनी प्लांट के अंदर स्वयं सहायता समूह द्वारा निर्मित सामानों का तीन दिवसीय (9 से 11 मई 2023) स्टॉल लगाया गया जिसमें बसई का मंझरा से लक्ष्मी स्वयं सहायता समूह, राधिका स्वयं सहायता समूह, दुर्गा स्वयं सहायता समूह की माताओं बहनों द्वारा निर्मित प्रोडक्ट हैंडीक्राफ्ट का सामान, गौ आधारित गोनाइल, कपड़े का थैला, बैग इत्यादि सामान स्टॉल पर बिक्री की गई। इस 3 दिवसीय स्टॉल के दौरान कुल 140 लोगों ने स्टॉल का विजिट किया एवं 22 लोगों ने खरीदारी की। इससे महिलाओं में स्वरोजगार करने का मनोबल और इन्टेरेस्ट पैदा हुआ।





# निःशुल्क राशन वितरण : कोलकाता

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत कोलकाता के हाई रोड बस्ती में सूर्या संस्कार केन्द्र संचालित है। जिसमें बस्ती के गरीब परिवार के बच्चे पढ़ने आते हैं। सूर्या फाउण्डेशन के माध्यम से इन गरीब परिवारों में निःशुल्क राशन वितरण किया गया। निःशुल्क राशन वितरण का यह कार्य समय-समय पर किया जाता है।

**राशन वितरण / 70 परिवार**

# आगामी कार्य योजना हेतु समूह की बैठक



**उत्तराखण्ड**

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत उत्तराखण्ड क्षेत्र के ग्राम बसई का मंझरा में गाँव की बहनों को हस्तशिल्प कला का प्रशिक्षण दिया गया था। अब बहनें कई प्रकार की सामग्री बनाकर समय-समय पर स्टॉल लगाती हैं। जिससे उन्हें अपने परिवार के भरण पोषण के लिए आमदनी मिल जाती है। जोन-1 के प्रमुख श्री शत्रुघ्न जी ने प्रवास के दौरान हैंडीक्राफ्ट एवं कपड़े का थैला, बैग बना रही बहनों के साथ बैठक करके सामानों के बनाने की तकनीक और गुणवत्ता बढ़ाने की चर्चा भी की।

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत चयनित आदर्श गाँव फफूण्डा, मेरठ (उ.प्र.) में कुलदीप जी के साथ मोहन बाबा एवं कृष्णा स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ बैठक की जिसमें कृष्णा स्वयं सहायता समूह की बहनों ने दलिया पैकिंग का कार्य करने की योजना बनायी है।

**मेरठ (उ.प्र.)**



# शिक्षा



## लघु व्यक्तित्व विकास शिविर

सूर्या फाउण्डेशन आदर्श गाँव योजना के अन्तर्गत लघु व्यक्तित्व विकास शिविर का आयोजन (10 अप्रैल से 31 मई 2023) को किया गया। इस 10 दिवसीय लघु व्यक्तित्व विकास शिविर में आने वाले सभी भैया-बहनों का सर्वांगीण विकास के लिए वृक्षारोपण, चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता, कबाड़ से जुगाड़ जैसी उपयोगी एवं सजावटी सामान बनाना, मानचित्र रीडिंग में 'मेरा गाँव मेरा तीर्थ' के भाव को ध्यान में रखकर गाँव एवं ब्लॉक स्तर तक के मानचित्र में स्थानों को चिंहित करना, आर्ट एंव क्राफ्ट के माध्यम से पेपर कटिंग के द्वारा आकृतियाँ बनाना एवं पर्यावरण संरक्षण के साथ उनका सामाजिक ज्ञान बढ़ाना, विज्ञान के लघु प्रयोग कराना (जिससे बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ेगी), मिट्टी से कई प्रकार के खिलौने बनाना जैसी कुशलताएँ बच्चों को सिखाई गई। 'आज के बच्चे-कल का भारत' इस शिविर के माध्यम से बच्चों में बचपन से ही संस्कारित शिक्षा देने से उनके व्यक्तित्व को निखारकर एक अच्छे चरित्र का निर्माण किया जा सकता है।







| राज्य | गाँव | प्रतिभागी (भैया-बहन) |
|---|---|---|
| (18) | (245) | (10000+) |

# शिविर की झलकियाँ...


















# समाचार पत्रों में कार्यक्रम की झलकियाँ...

## सूर्या फाउंडेशन द्वारा राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता संपन्न





**पत्रकार सुनील शर्मा बहादुरगढ़**
सूर्या फाउंडेशन द्वारा 2 मई से 3 मई तक राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया किया गया जिसमें देश भर के 10 राज्य 13 टीम ने भाग लिया, सुदूर मणिपुर से लेकर राजस्थान तक और हरियाणा से लेकर आंध्रा प्रदेश तक की टीम ने प्रतियोगिता में चढ़ चढ़ कर भाग लिया, सूर्या फाउंडेशन हर वर्ष राज्य स्तर पर खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है , इस वर्ष भी 25 दिसम्बर से 23 जनवरी 2023 तक आयोजित की गई थी जिसमें वॉलीबॉल की राज्य स्तरीय विजेता टीम का प्रतियोगिता साधना स्थली झिंझोली सोनीपत हरयाणा में रखा गया था जिसमें फाइनल में उत्तराखंड ५/२ राजस्थान की रही जिसमें उत्तराखंड की टीम विजेता रही, इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री ललित मोहन यादव जी क्रीड़ा भारतीय महामंत्री दिल्ली प्रांत के करकमलों द्वारा भारत माता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने कहा कि युवाओं के विकास के लिए खेल कूद अत्यंत आवश्यक है जितना लोग खेल के साथ जुड़ेंगे स्वस्थ रहेंगे, अनुशासित बनेंगे व उनके अंदर समरसता का भाव जागेगा, युवा का एकत्र होने का मतलब ही विकास है।
खेलकूद के माध्यम से जब वो एकत्रित होंगें अपने गाँव की समस्याओ के बारे में चर्चा करेंगे गाँव को जानेंगे और उनका समाधान करके भी निकालेंगे यही उद्देश्य को लेकर सूर्या फाउंडेशन आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करती है सूर्या फाउंडेशन से आदर्श गाँव योजना प्रमुख प्रमोद आसरे जी नें सूर्या फाउंडेशन और कार्यक्रम के बारे मे जानकारी दी। इस अवसर पर कामेश्वर दलाई जी, नंदकिशोर जी, गोपाल जी, शत्रुहन कश्यप जी, अजय जी तथा इस कार्यक्रम के कैंप चीफ बिनोद कुमार महतो भी उपस्थित थे।

## सूर्या फाउंडेशन का दस दिवसीय लघु व्यक्तित्व विकाश शिवर सम्पन्न

स्वदेश संवाददाता ■ -

फरह। दीनदयाल धाम के नगला वर गांव में दस दिवसीय शिविर का समापन मंगलवार को हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि सूर्या फाउंडेशन के वाइस चेयरमैन हेमंत शर्मा और पंडित दीनदयाल स्मारक समिति के डायरेक्टर सोनपाल जी, ग्राम प्रधान अशोक जी, वरिष्ठ सेवा कार्यकर्ता नारायण सिंह की उपस्थिति रही।

शिविर के समापन में हेमंत शर्मा ने सूर्या फाउंडेशन की कार्य योजना तथा कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि देश के 18 राज्यों में इन कैंपों का आयोजन किया जा रहा है तथा इन कैंपों के उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा छोटे-छोटे कार्यक्रमों से बच्चों में हुनर पैदा हुआ। फाउंडेशन के चेयरमैन



*शिविर के समापन पर पुरस्कृत भैया बहनों के साथ सूर्या फाउंडेशन के सदस्य।*

जयप्रकाश जी ने लोगों को अवगत कराया कि गांव के लोग अपने गांव को अपना तीर्थ कैसे बनाएं। स्मारक समिति के निर्देशक सोनपाल जी द्वारा बताया कि सूर्या फाउंडेशन हर दिशा में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में प्रतिभागी भैया बहनों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुख्य रूप से सूर्या फाउंडेशन के जॉन इंचार्ज पुरुषोत्तम राणा, आदर्श मिश्रा, राम, कोमल, राजकुमार, भगवत, बहादुर, केदार, अनिल कुमार आदि उपस्थिति रहे।

## सूर्या फाउंडेशन ने समूह की महिलाओं को वॉशिंग पाउडर का दिया प्रशिक्षण

स्वदेश संवाददाता ■ फरह।

सूर्या फाउंडेशन एक सामाजिक संस्था है जो गांव गांव में शिक्षा स्वास्थ्य संस्कार समरसता और स्वावलंबन के अंतर्गत कार्य करती है। संस्कार केंद्र के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार की बातें बताईजाती हैं। वहीं यूथ क्लब के माध्यम से युवाओं को जागृत किया जाता है। सिलाई केंद्र एवं स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वावलंबी बनाया जाता है। इसी के अंतर्गत फाउंडेशन द्वारा चयनित दीनदयाल धाम के आदर्श गांव नगला वर में समूह की महिलाओं को वाशिंग पाउडर बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।



*वाशिंग पाउडर बनाने का प्रशिक्षण लेतीं महिलाएं।*

प्रशिक्षक के रूप में संजय तिवारी ने बताया कि वाशिंग पाउडर बनाकर के अपनी आमदनी को बढ़ाया जा सकता है। बाहर से जो वासिंग पाउडर जो आ रहा है। इसमें केमिकल की मात्रा होती है, जिससे होने वाली बीमारियां पनपती है। इस अवसर पर विकाश विश्वकर्मा, रामकुमार, शिक्षक अनिल, राधा व समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।


**SURYA FOUNDATION**
B-3/330, Paschim Vihar, New Delhi-110063
Tel. : +91-25261588, 25253681 | +91-9310214842
E: suryafnd@gmail.com | W: www.suryafoundation.org